रक्तदान को बनाइये अभियान,
रक्तदान करके बचाइये जान।

इस भावना और उद्देश्य से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद एवं मेगा ब्लड़ डोनेशन ड्राइव के द्वारा दिनांक 24–09–2018 को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार आता है और दिल के दौरे का खतरा कम हो जाता है। नई रक्त कोशिकाओं का उत्पादन होता है और प्राथमिक जाँच भी हो जाती है।

रक्तदान के द्वारा एक पहल से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान महादान है इसका आगाज़ करते हुए अग्रवाल महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों के सहयोग से एवं एन.एस.एस. संयोजिका श्रीमती रितु एवं श्रीमती सीमा मलिक के कुशल नेतृत्व में विद्यार्थियों ने भारी संख्या में पहुँचकर इस शिविर को सफल बनाया। महाविद्यालय में आज के शिविर में कुल **200** इकाई रक्त एकत्र कर इस महादान को सफल बनाया गया।

एन.एस.एस., यूथ रैड क्रॉस इत्यादि क्लबों के विद्यार्थी प्रातःकाल से ही रक्तदान के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ–साथ प्रवक्ता

गण ने भी रक्तदान किया और बल्लबगढ़ के अनेकानेक स्थायी निवासियों ने भी रक्तदान कर एक पुण्य कार्य किया ।